हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 29 मार्च 2024

06 कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश: लोकसभा...



07 ट्रैक्टरों से ओवरलोड भूसा भरकर किया जा रहा ...





**लोक सभा क्षेत्र**
**भिंड**

1 **भाजपा प्रत्याशी** संध्या राय

2 **कांग्रेस प्रत्याशी** फूल सिंह बरैया

**पिछली बार कौन जीता**
संध्या राय, भाजपा

**जीत का अंतर**
1 लाख 99 हजार, 885

## क्या रहेंगे मुद्दे?

लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस के अपने-अपने मुद्दे हैं। भाजपा का मुख्य मुद्दा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर से धारा 370 हटाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। मोदी देश भर में दौरा कर विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन कर रहे हैं। अर्थात पार्टी मोदी लहर पर सवार है। दूसरी तरफ कांग्रेस हर वर्ग को न्याय की बात कर रही है। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग पार्टी का बड़ा मुद्दा है। दो मुख्यमंत्रियों पहले हेमंत सोरेन और अब अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से कांग्रेस के इस आरोप को ताकत मिली है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा से भी पार्टी को फायदे की उम्मीद है।

### बसपा में भी रहे कांग्रेस के बैरया, दलितों में अच्छी पकड़, भाजपा को महिला प्रत्याशी होने का लाभ, लहर से उम्मीद

# फूल सिंह के बयान आत्मघाती, संध्या की निष्क्रियता से नाराजगी

*चंबल-ग्वालियर अंचल की भिंड लोकसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच कड़े मुकाबले के आसार हैं। भाजपा की ओर से सांसद संध्या राय फिर मैदान में हैं तो कांग्रेस ने भांडेर से विधानसभा का चुनाव जीते फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में चल रही लहर के साथ पार्टी प्रत्याशी के महिला होने का लाभ मिल सकता है, जबकि फूल सिंह बरैया पहले बहुजन समाज पार्टी में रहे हैं। उनकी दलित वर्ग में अच्छी पकड़ है। अलबत्ता, बरैया के कई विवादित बयान उनके लिए आत्मघाती साबित हो सकते हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी संध्या राय की निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के लोग नाराज हैं।*

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

चंबल-ग्वालियर अंचल में विधानसभा चुनावों की तरह लोकसभा के चुनाव भी भाजपा के लिए आसान नहीं हैं। मोदी लहर के बावजूद अंचल की अन्य सीटों की तरह भिंड में भी उसे कांग्रेस से कड़ा मुकाबला करना पड़ सकता है।

बसपा की मौजूदगी यहां दोनों दलों का खेल बिगाड़ती है। भाजपा की संध्या राय ने 2019 के चुनाव में बड़ी जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के देवाशीष को लगभग दो लाख वोटों के अंतर से हराया था। पिछले चुनाव की तरह इस बार भी भाजपा के पक्ष में माहौल है। 2019 में पाक अधिकृत कश्मीर में एयर स्ट्राइक के कारण



संध्या राय



फूल सिंह बरैया

राष्ट्रीयता बड़ा मुद्दा था, जबकि इस बार भाजपा अयोध्या में राम मंदिर और कश्मीर में धारा 370 को भुनाने की तैयारी में है। पिछली बार भाजपा ने डॉ. भागीरथ प्रसाद का टिकट काट कर संध्या राय को टिकट दिया था। पहले वे विधायक थीं। पार्टी ने इस बार फिर उन पर भरोसा किया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनका लोगों से बात करते हुए एक वीडियो वायरल हो चुका है। इसमें लोग उन पर निष्क्रियता और क्षेत्र के लिए कुछ न करने का आरोप लगा रहे हैं। प्रत्याशी की यह स्थिति चुनाव में भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। दूसरी तरफ कांग्रेस ने पिछले प्रत्याशी देवाशीष की जगह विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है। बरैया एक समय बसपा के सर्वेसर्वा हुआ करते थे, अब कांग्रेस में हैं। इस नाते दलितों में उनकी अच्छी पकड़ है। भांडेर से वे लगभग 30 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीते हैं, लेकिन अपने कई बयानों के कारण वे सामान्य वर्ग की आंखों को खटकते हैं। कांग्रेस को चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### विधानसभा चुनाव में मिलीं 4-4 सीटें

विधानसभा चुनाव के लिहाज से भिंड लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस की ताकत लगभग बराबर है। दोनों दलों ने क्षेत्र की चार-चार सीटें जीती हैं। हालांकि माहौल कांग्रेस के पक्ष में ज्यादा था, लेकिन पार्टी के दो दिग्गज चौधरी राकेश सिंह भिंड और तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह लहार से चुनाव हार गए। इस चुनाव में भाजपा के एक दिग्गज डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दतिया में पराजय का सामना करना पड़ा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें भिंड, लहार, मेहगांव और सेवढ़ा जीतीं, जबकि कांग्रेस ने अटेर, गोहद, भांडेर और दतिया में कब्जा किया।

### भिंड और दतिया जिले को मिलाकर बनी सीट

भिंड लोकसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके अंतर्गत भिंड जिले की पांच और दतिया जिले की तीन सीटें आती हैं। भिंड जिले की सीटों में अटेर, भिंड, लहार, मेहगांव, गोहद और दतिया जिले की सेवढ़ा, भाण्डेर तथा दतिया शामिल हैं। वर्ष 2008 से पहले तक भिंड लोकसभा सीट सामान्य थी, लेकिन इसके बाद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हो गई। जब सीट सामान्य थी, तब 1996 से 2004 तक लगातार डॉ. राम लखन सिंह भाजपा से सांसद रहे हैं। 1991 में भी भिंड से योगानंद सरस्वती जीते थे। आरक्षित होने के बाद 2009 में अशोक अर्गल, 2014 में डॉ. भागीरथ प्रसाद और 2019 में भाजपा की संध्या राय चुनाव जीते हैं। संध्या को एक बार फिर मौका मिला है। 1989 से लगातार यहां भारतीय जनता पार्टी ही काबिज है।

**ग्राउंड रिपोर्ट**

### भिंड में दलित और पिछड़ों का बोलबाला

- भिंड क्षेत्र के जातीय समीकरणों पर नजर डालने से पता चलता है कि यहां दलित एवं पिछड़े वर्ग के मतदाताओं का बोलबाला है। दलित मतदाताओं की बहुतायत के कारण ही यह सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी खासी है। चुनाव में सामान्य वर्ग के क्षत्रिय और ब्राह्मण मतदाता भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं, लेकिन ये दोनों वर्ग एक पार्टी में साथ नहीं जाते। चंबल-ग्वालियर अंचल की जातीय राजनीति का असर भिंड में भी है। हर चुनाव में इसका असर पड़ता है।

**खबर संक्षेप**

### 29, 30 और 31 मार्च को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 29, 30 एवं 31 मार्च को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि 29 मार्च (शुक्रवार) गुडफ्रायडे, 30 मार्च (शनिवार) तथा 31 मार्च (रविवार) को बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुले रहेंगे। विद्युत वितरण कंपनी के सभी बिल भुगतान केन्द्र 29, 30 एवं 31 मार्च के अवकाश के दिन में भी सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि पीओएस मशीन तथा आईसेक्ट के कियोस्क के माध्यम से बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं।

### राज्य वन सेवा परीक्षा इंटरव्यू 27 मई से

**सीहोर।** मप्र लोक सेवा आयोग ने राज्य वन सेवा परीक्षा 2021 के इंटरव्यू इंदौर स्थित आयोग कार्यालय में 27 से 30 मई तक होंगे। आयोग ने राज्य वन सेवा परीक्षा 2021 के तहत वन संरक्षक के 8, वन क्षेत्रपाल के 40, परियोजना क्षेत्रपाल के 16 इस तरह कुल 63 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की थी। आयोग ने मुख्य परीक्षा के परिणाम 22 नवंबर को घोषित किए थे। इसके मुख्य भाग 87 प्रतिशत में कुल आवेदक 128 तथा प्राविधिक भाग 13 प्रतिशत में कुल 81 आवेदकों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जा रहा है।

### सात दिन में दस डिग्री बढ़ा पारा, चलने लगी गर्म हवा, मौसम विभाग ने जारी की एडवाइजरी

# गर्मी ने दिखाए तीखे तेवर : मार्च में ही पारा पहुंचा 39 डिग्री के पार, तेज धूप ने किया हाल-बेहाल

अगले 24 घंटे के बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण घने बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश होने का अनुमान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में गुरुवार को अधिकतम तापमान 39.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दोपहर में भीषण गर्मी के दौरान देखा गया कि लोग अपने चेहरे को कपड़े से ढ़ककर निकालने के लिए मजबूर हो गए। स्वास्थ्य विभाग ने भी गर्मी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की है। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि आगामी 24 घंटे के बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण घने बादल छा सकते हैं और हल्की बारिश हो सकती है।

जानकारी के अनुसार मार्च के अंतिम सप्ताह में आसमान से गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। गुरुवार की दोपहर 39 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, जिसके कारण लोगों को धूप से बचने के लिए चेहरे को ढ़ककर आना-जाना पड़ा। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि बुधवार को तक हवाओं की दिशा उत्तर से थी, जो गुरुवार से दक्षिण दिशा से हो गई है। 30 और 31 मार्च को वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण जिले में कहीं-कहीं बूंदाबांदी या तेज बारिश भी हो सकती है।

#### दोपहर में सड़कों पर पसरने लगा सन्नाटा

अचानक गर्मी की तेज रफ्तार और चिलचिलाती धूप पड़ने लगी है। इसकी वजह से लोगों ने दिन में घर से बाहर निकलना कम कर दिया है। दिन का तापमान 39 डिग्री के पार हो गया है।



किसान अपने काम को समेटने में जुटे हैं। हालांकि रात में ठंडक रहती है। इस वजह से गांव में सर्दी-जुकाम के मामले बढ़ रहे हैं। किसानों भी मवेशियों को गर्मी से बचाने के लिए उन्हें पेड़ों के नीचे बांध रहे हैं।

#### स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी के मौसम को लेकर पर्याप्त सावधानी बरतने के संबंध में एडवॉयजरी जारी की गई हैं। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि भीषण गर्मी में लू लगने की सर्वाधिक संभावना रहती है। जिसमें गर्म लाल और सूखी त्वचा, शरीर का तापमान बढ़ना, उल्टी आना, बहुत तेज सिरदर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द जैसे लक्षण शामिल है। ऐसी स्थिति में अस्वस्थ महसूस करें तो तुरंत पानी का सेवन करना चाहिए। किसी छायादार और ठण्डी जगह पर आराम करें। अगर हो सके तो ठंडे पानी से नहा लें। डॉक्टर को दिखाएं या एम्बुलेंस को कॉल करें। धूप एवं गर्मी में ऐंठन एक घंटे से ज्यादा रहती है, बेहोशी की संभावना बनी रहती है।

#### कूलर, एसी और मटकों की डिमांड बढ़ी

गर्मी बढ़ने के साथ-साथ बाजार में शीतल पेय पदार्थों की बिक्री भी बढ़ गयी है। इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान पर लोग पंखे, कूलर, एसी और फ्रिज की खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। वहीं मटकों की डिमांड भी बढ़ गई है।



#### बच्चों को धूप से बचाकर रखें

बच्चों के भी बीमारी की संभावना रहती है। उनमें बेहोशी की स्थिति, मांस पेशियों मे जकड़न, मीर्गी का दौरा पड़ना, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अधिक पसीना आना, बेतुकी बातें करना, चक्कर आना अथवा कमजोरी, सांस एवं दिल की धड़कन तेज होना, उल्टी होना, नींद न खुलना आदि लक्षण शामिल है। ऐसी अवस्था में बच्चों को तुरंत छांव में लाए, बच्चों के कपड़े जहां तक हो सके ढीला कर दें।

### जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर जिला टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित

**सीहोर।** ग्रीष्म ऋतु में हीट वेव व स्ट्रोक को लेकर आमजन को जागरूक करने और स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स सेल की बैठक हुई। जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हुई बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम, सरकार का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के कारण लू एवं हीट स्ट्रोक, शीत लहर, अतिवृष्टि और सूखा जैसी परिस्थितियों और वायु प्रदूषण के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से व्यापक बचाव का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अलावा जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों को शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बदलते मौसम में फैलने वाली बीमारियों की समय पर सूचना प्राप्त करने एवं बचाव संबंधी कार्यवाही करने की बात कही। राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम विषय पर पीपीटी के माध्यम से सीएमओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने जानकारी दी कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान भीषण गर्मी, सम्भावित हीट वेव (लू), हीट स्ट्रोक (तापघात) तथा वायु प्रदूषण के कारण उत्पन्न होने वाली बीमारियों के लक्षणों, निदान, उपचार तथा बचाव को लेकर चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### देर रात तक ग्रामीणों ने उठाया राई नृत्य का लुप्त, ढोल-ढमाकों की थाप पर थिरके श्रद्धालु

# मन्नत पूरी होने पर 151 साल से ब्रिजिशनगर में हो रहा राई नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

गांव ब्रिजिशनगर में बुधवार रात को राई नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रिजिशनगर सहित आसपास गांव से बड़ी संख्या में लोग नृत्य देखने कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम का शुभांरभ गांव के बाबूलाल पटेल और उनके परिजनों द्वारा बाबा रामदेव जी मंदिर में निशान चढ़ाकर किया गया। इस दौरान पटेंल परिवार और ग्रामीण पूजा की सामग्री और निशान लेकर चल समारोह निकालकर मंदिर पहुंचे। इस दौरान डीजे और ढोल-ढमाकों की थाप पर श्रद्धालु थिरकते हुए चल रहे थे, जबकि महिलाएं पीछे मंगलगीत गाते हुए चल समारोह में चल रही थीं। पूजा-अर्चना के बाद रात करीब 9 बजे राई नृत्य कार्यक्रम आंरभ किया गया। कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा जिसका ग्रामीणों ने जमकर लुफ्त उठाया। गांव में यह परंपरा करीब 151 साल से चली आ रही है। जिसका निर्वहन ग्रामीण मिलजूल कर आज भी कर रहे है। गांव के बाबूलाल पटेल ने बताया कि करीब ठेंड शताब्दि पहले हमारे पूर्वज कोदाजी पटेल के कोई संतान नहीं थी। इसी दौरान उन्होंने मन्नत कि थी कि संतान प्राप्त होने पर वह राजस्थान स्थित रामदेवरा पैदल जाएंगे और गांव में राई नृत्य का आयोजन करेंगे। इसके बाद उनके यहां पुत्र की प्राप्ति हुई तभी सें गांव में मेले का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में बाबूलाल पटेल, रतनसिंह मेवाड़ा, ज्ञानसिंह राठोर, देवकरण राठौर, जयदीप पटेल, चन्दर ठाकुर, भवानी मेवाड़ा, मनोहर मेवाड़ा, मानसिंह वर्मा, पूरन मेवाड़ा, शिवप्रसाद ठाकुर, सतीष राठौर, गब्बर मेंवाडा सहित बड़ी संख्या में लोग मोजूद थे।



### चौरसिया महिला मंडल के तत्वावधान में मंदिर में मनाया फाग महोत्सव



**सीहोर।** इस साल भी चौरसिया महिला मंडल के तत्वावधान में शहर के छावनी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस मौके पर महिला मंडल की अध्यक्ष जयश्री चौरसिया सहित बड़ी संख्या में महिला उपस्थित थी। जिन्होंने भजन और संगीत के साथ फूलों से होली खेली। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के नीरज चौरसिया और देवेन्द्र चौरसिया ने बताया कि चौरसिया महिला मंडल के तत्वावधान में फाग महोत्सव अंतर्गत महिलाओं ने राधा-कृष्ण के साथ नृत्य गायन, गरबा, फाग गीत एवं भजन आरती के साथ फूल और गुलाल उड़ाते हुए जमकर होली खेली। साथ ही एक दूसरे को होली की बधाई दी।

## खबर संक्षेप

### लोकसभा निर्वाचन के लिए अवकाश घोषित

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रदेश के विभिन्न लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में चार चरणों मतदान होगा । राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया हैं। प्रथम चरण में 19 अप्रैल (शुक्रवार) द्वितीय चरण में 26 अप्रैल (शुक्रवार) तृतीय चरण में 7 मई (मंगलवार) एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उक्त तिथियों में सामान्य अवकाश घोषित किया है ।

### अधिकारी और कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश पर प्रतिबंध

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने लोकसभा चुनाव-2024 से संबंधित कार्य को दृष्टिगत रखते हुए गत दिवस जिले में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी के किसी भी प्रकार के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया है। समस्त अधिकारी, कर्मचारी अपने-अपने मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे तथा सार्वजनिक अवकाशों में भी उनके कार्यालय खुले रहेगें। शासकीय कार्य से मुख्यालय से बाहर जाना है तो उसकी अनुमति भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त करना होगा। ऐसे कर्मचारी जो निर्वाचन आचार संहिता प्रारंभ होने के पूर्व ही अवकाश पर है उनके अवकाश प्रकरण जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रस्तुत किए जाएंगे एवं जो कर्मचारी मेडिकल अवकाश पर है उनके अवकाश मेडिकल बोर्ड की स्वीकृति उपरांत ही मान्य किए जाएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से ही निर्वाचन कार्य संपन्न होने तक समस्त प्रकार के अवकाश स्वीकृत किये जाएंगें।

### उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट www.ceomadhyapradesh.nic.in पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें। साथ ही राजनीतिक दलों को समाचार पत्र एवं टीवी चैनल में आपराधिक प्रकरण वाले उम्मीदवार के चयन का आधार बताते हुए 3 अलग-अलग तारीखों में उद्घोषणा भी प्रकाशित करानी होगी। प्रत्याशी के चयन के 48 घंटे में समाचार पत्र, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं पार्टी की वेबसाइट पर फॉर्म सी-7 में प्रकाशित करना होगा।

## कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी अधिकारियों को चुनाव में मुस्तैदी से कार्य के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देशः लोकसभा चुनाव सुव्यवस्थित, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराएं

मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के कलेक्टर ने दिए निर्देश। मतदान दलों का प्रशिक्षण सभी जनपदों में तीन अप्रैल से प्रारंभ। अधिक से अधिक मतदान के लिए जिले में बनाएं अनुकूल वातावरण। ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था के कलेक्टर ने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शासन के निर्देश और पत्रों को समय-सीमा के तहत निराकरण करने के लिए टीएल बैठक प्रत्येक सप्ताह आयोजित की जाती है । शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों व समय सीमा पत्रों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन अति महत्वपूर्ण कार्य है, इससे सावधानी पूर्वक सुव्यवस्थित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न कराना है । कलेक्टर श्री सिंह ने चुनाव संबंधी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को जो कार्य सौंपे गये है वो निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन की मॉनिटरिंग तथा शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम, एमसीएमसी सेल, जांच नाके आदि की स्थापना और इन केंद्रों को संचालित करने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है । कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि एमसीएमसी सेल तीन पारियों में संचालित हो रहा है और सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, नितिन टाले एसडीएम जमील खान, स्वाती मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### मतदान दलों का प्रशिक्षण व आवश्यक व्यवस्थाएं

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा मतदान दलों एवं निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मियों के लिए कैलेंडर के अनुसार सभी प्रशिक्षण निर्धारित तिथियों में दिया जाए। मतदान के लिए अधिकारियों कर्मचारियों को तीन अप्रैल से सभी जनपदों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र में लाइट, प्रोजेक्टर, साउंड सिस्टम, कम्प्यूटर, ऑपरेटर, पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता के निर्देश दिए। साथी उन्होंने जिस संस्थान के भवन में प्रशिक्षण दिया जाएगा उस संस्थान के प्रमुख को प्रशिक्षण के दौरान अपने संस्थान में उपस्थित रहने के निर्देश दिए ।

### मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियां से कहा कि अपने क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्रों में मरम्मत की आवश्यकता है। वहां मरम्मत का कार्य शीघ्र कर लिया जाए। सभी मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, फर्नीचर, विद्युत तथा रैंप तथा मतदाताओं के लिए छाया की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**सभी सीमाओं पर होंगे चेक पोस्ट :** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 8 अप्रैल से जिले की सभी सीमाओं पर चेक पोस्ट प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने चैक पोस्ट पर टेंट, बैनर, कुर्सी सहित सभी आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने सतत चेकिंग करने साथ ही यह भी निर्देश दिए कि वाहन चैकिंग में आमजन को कोई परेशानी न आए।

**सतत भ्रमण कर सम्पत्ति विरूपण की करें कार्यवाही :** बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के तहत जिले में संपत्ति विरूपण के तहत राजस्व, पंचायत एवं नगरपालिका, अमले द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर संपत्ति विरूपण के विरूद्व लगातार कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं और कहा कि निजी भवनों एवं संपत्तियों पर मालिक की अनुमति के बिना राजनैतिक दलों के झंडा, बैनर नहीं लगाया जाना चाहिए। संपत्ति विरूपण से संबंधित सी-विजिल एप पर जो शिकायतें प्राप्त हो उसका तत्काल निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को से कहा कि जिला स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन निर्धारित कैलेंडर के अनुसार किया जा रहा है । इसके अलावा जिला अधिकारी अपने स्तर पर स्टीकर, पोस्टर, बैनर, स्लोगन, सहित अन्य माध्यमों से मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करें। श्री सिंह ने बसों, शासकीय वाहनों, गैस सिलेंडर, उपार्जन केन्द्रों, पेट्रोल पम्पों, राशन दुकानों, अस्पतालों में मतदाता जागरूकता संबंधी स्टीकर, बैनर, पोस्टर लगाकर अधिक से अधिक मतदान के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें । उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता की थीम पर अधिकारी अपने कार्यालय में प्रवेश द्वार बना सकते हैं ।

### राजस्व अधिकारी उपार्जन केन्द्रों का करें निरीक्षण

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियां को उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने का निर्देश दिए । उन्होंने गेहूं उपार्जन के लिए बनाए गए उपार्जन केंद्रों में छाया, पानी, तौल-कांटा, बारदाने की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं । उन्होंने कहा कि अपनी फसल लेकर विक्रय के लिए आने वाले किसानों को उपार्जन केन्द्र में किसी तरह की कोई परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए ।

### ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल व्यवस्था के निर्देश

ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं । वर्तमान में पेयजल की उपलब्धता को देखते हुए आगामी दिनों में पेयजल की आवश्यकता का आंकलन कर कार्य योजना तैयार कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें । कलेक्टर श्री सिंह ने पीएचई विभाग को निर्देश दिए कि जिन स्थानों के हैण्ड पम्प खराब हैं उनकी तुरंत मरम्मत करा ली जाए । उन्होंने कहा कि लोगों को पीने के पानी के लिए किसी तरह की कोई कठिनाई नहीं आना चाहिए।

## प्रांतीय शिक्षक संघ की अभिनव पहल : शिक्षक पंपलेट से बताएंगे सरकारी स्कूलों की विशेषताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ाने हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर ने मैदानी प्रयास प्रारंभ किये हैं। इस हेतु जिन स्कूलों में छात्र संख्या कम थी वहां पर पिछले वर्ष भी प्रयास किए गए थे इसलिए दस हजार पंपलेट के माध्यम से स्कूल के स्टाफ के साथ प्रांतीय शिक्षक संघ के साथियों ने घर-घर संपर्क किया था एवम छात्र संख्या बढ़ाने का प्रयास किया था।

इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी प्रयास किया जा रहा है।इस हेतु प्रांतीय शिक्षक संघ द्वारा जारी सरकारी स्कूलों की विशेषताएं बताने वाले पंपलेट का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने किया। पहली कक्षा में सर्वाधिक नामांकन करने वाले शासकीय प्राथमिक स्कूलों को प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय का पुरस्कार दिया जाएगा ।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर द्वारा प्रांतीय शिक्षक संघ के सकारात्मक प्रयास के लिए उत्साह वर्धन भी किया। 10000 पंपलेट के माध्यम से विभिन्न स्कूलों के स्टाफ के साथ प्रांतीय शिक्षक संघ के साथी कंधे से कंधा मिलाकर सर्वे करवाएंगे जिससे सरकारी स्कूलों की संख्या बढ़ सके। प्रांतीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं स्कूल स्टाफ घर-घर जाकर संपर्क करेंगे और सरकारी स्कूल की विशेषताएं बताएंगे और प्रेरित करेंगे कि सरकारी स्कूल मैं एडमिशन कराएं निजी स्कूल में नहीं। इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सक्सेना, संगठन मंत्री बलराम पंवार, प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया,नरेश मेवाडा, आशीष शर्मा, निर्भय बारिबा, भीमसिंह कीर, विजय बजाज शैलेन्द्र ठाकुर, मनोज राठौर, चंद्रशेखर वर्मा, संजय जादौन, बद्री प्रसाद वर्मा, दिनेश मेवाड़ा, हेमन्त मालवीय आदि शामिल थे।

### बाहर से आने वाले व्यक्तियों की जानकारी थाना प्रभारी को भेजी जाए

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है । चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले व्यक्तियों में असामाजिक तत्व भी जिले में घुसपैठ कर सकते हैं । जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है । जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने अधिनियम 1967 के तहत जिले के भीतर सभी सराय, धर्मशालाओं, होटल, लॉज के मालिकों, प्रबंधकों को आदेश दिया है कि वे अपने होटल, लॉज, सराय, धर्मशाला में ठहरने वाले व्यक्तियों की दैनिक जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को एवं संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को लिखित में प्रस्तुत करें । ऐसी सूचना संबंधित अधिकारियों के पास अगले दिन सायं 5.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए।

## 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




गुरुवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर मे संचालित हो रहे 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। आज के समापन कार्यक्रम मे महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ, कर्मचारी एवं 50 छात्राएं ने सहभागिता की। इस योग प्रशिक्षण शिविर मे छात्राओं ने विगत 15 दिनो मे योग से संबंधित आसन, प्राणायम, अनुलोम-विलाम, जल नैति, सूत्र नैति इत्यादि क्रियाओ का प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनका प्रदर्शन छात्राओ द्वारा आज के समापन कार्यक्रम मे सभी के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। आज के इस कार्यक्रम मे योग प्रशिक्षिका श्रीमति विनीता यादव एवं योग प्रशिक्षक चन्दर सिंह राठौर ने योग की अनछुए पहलुओं पर प्रकाश डाला और सभी छात्राओं को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया। योग प्रशिक्षण शिविर के संयोजक रवि स्वरूप विरहा (क्रीड़ा अधिकारी) ने सभी को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी कि महाविद्यालय मे संचालित योग प्रशिक्षण शिविर से निश्चित रूप से समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं लाभान्वित हुए होंगे और हम महाविद्यालय में इस प्रकार के अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करते रहेंगे ताकि महाविद्यालय मे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बनी रहे। कार्यक्रम के समापन मे सभी स्टॉफ एवं प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य कर कामना करते हुए इस 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## अखलेश को अवार्ड फार एक्सीलेंस से किया जाएगा सम्मानित



**सीहोर।** शिवना प्रकाशन द्वारा दिए जाने वाले प्रतिष्ठित सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। शिवना प्रकाशन के ऑनलाइन आयोजन में वर्ष 2023 के लिए यह सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई है। सम्मान समारोह 31 मार्च 2024 को सीहोर के क्रीसेंट क्लब एंड रिसार्ट में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही समारोह में ढींगरा फैमली फाउंडेशन इंडिया शहर के प्रतिष्ठित अखिलेश राय को सम्मानित करने जा रहा है। ढींगरा फैमली फाउंडेशन अखिलेश राय को उनके कार्यों और सकारात्मक सोच को लेकर यह अवार्ड दे रहा है। पूर्व में यह सम्मान भोपाल के डाक्टर विजय सक्सेना को दिया गया था। इस बार का सम्मान अखिलेश राय को दिए जाने की घोषणा फाउंडेशन के संचालक ओम ढींगरा और सुधार ढींगरा ने की है। साथह शिवना द्वारा दो सम्मान प्रदान किए जाते हैं। एक 'अंतर्राष्ट्रीय शिवना सम्मान' जो वर्ष भर में सभी प्रकाशनों द्वारा प्रकाशित साहित्य की सभी विधाओं की पुस्तकों में से निर्णायकों द्वारा चयनित एक पुस्तक को प्रदान किया जाता है। तथा दूसरा 'शिवना कृति सम्मान' जो वर्ष भर में शिवना प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकों में गुणवत्ता तथा विक्रय के सम्मिलित आधार पर एक पुस्तक को प्रदान किया जाता है। 31 मार्च को सीहोर के क्रीसेंट क्लब एंड रिसार्ट में एक गरिमामय सम्मान समारोह में इन तीनों वर्षों के सम्मानित रचनाकारों और अखिलेश राय को यह सम्मान प्रदान किए जाएंगे।

### प्रो. आर के गुप्ता का निधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



आरएकेए कॉलेज के सेवानिवृत प्रोफेसर आर के गुप्ता का निधन 27 मार्च 2024 को हो गया है। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनके निधन पर स्थानीय लोगों और पूर्व विद्यार्थियों ने शोक व्यक्त किया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने, विशेष मतदाता जागरुकता वाहन चलाए जाएंगे

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिये 75 प्रतिशत से कम मतदान वाले विधानसभा क्षेत्रों में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विशेष मतदाता जागरुकता प्रचार वाहन चलाये जायेंगे। मतदाता जागरुकता वाहन के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। मुख्य निवार्चन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि विगत विस निर्वाचन- 2023 में 75 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत 75 फीसदी से कम था, इन विस क्षेत्रों में लोकसभा निर्वाचन-2024 के दौरान मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे चिन्हित 75 विस क्षेत्रों में एक माह तक जागरुकता प्रचार वाहन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। लघु फिल्म, स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का महत्व और लोकतंत्र में उनके एक वोट की क्या कीमत हेतु जागरूक किया जाएगा।

## संकल्प नशा मुक्ति केंद्र व वृद्धा आश्रम में तीन दिवसीय निशुल्क शिविर का शुभारंभ

# नागपुर के प्रसिद्ध मानसिक रोग विशेषज्ञ आज करेंगे निशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र और संकल्प वृद्धाश्रम में तीन दिवसीय मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में निशुल्क शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार दांगी, केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, श्रीराधेश्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा आदि की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्री दांगी ने कहा कि कई व्यक्तियों के बुरी आदतों एवं दुव्यर्सन में पडने के पीछे आर्थिक एवं सामाजिक विषमताएं भी जिम्मेदार रहती है। उन्होंने उपचार करा रहे वृद्धजनों से उनके अनुभव लिए एवं उनकी समस्यों के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथि समाजसेवी श्री तिवारी ने कहा कि हर समय एक दुसरे की मदद करना चाहिए। इस अवसर पर जरूरत के वक्त दूसरों की मदद लेने में कोई बुराई नहीं है। पर हमेशा सहयोग मांगने की आदत न डालें। इसके अलावा आकस्मिक स्थितियों में खुद भी दूसरों का सहयोग करने के लिए सहर्ष तैयार रहें। कुछ लोग अकसर अपने पड़ोसियों से रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली चीज़ें मांग कर ले जाते हैं और काम हो जाने के बाद वापस करना भूल जाते हैं। ऐसी आदतों से दूसरों की नजरों में न केवल व्यक्ति का इंप्रेशन खराब होता है बल्कि आपसी रिश्ते में भी कटुता पैदा होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि यह सच है कि हंसी-मजाक से रिश्तों में गर्मजोशी बनी रहती है पर कुछ लोग सहज हास्य-बोध और कटु व्यंग का फर्क समझ नहीं पाते और मजाक में दूसरों से ऐसी बातें कह जाते हैं जिससे दूसरों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। इसलिए मजाक में भी हमें दूसरों से कोई ऐसी बात नहीं करनी चाहिए, जो उसके दिल को चुभ सकती है।

### सचिव का किया स्वागत

मानसिक आरोग्य केन्द्र के तत्वाधान में गुरुवार से आरंभ हुए शिविर के दौरान केन्द्र के संचालक श्री सिंह ने कहा कि संस्था से लंबे समय से जुड़े रहने वाले जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दांगी का स्थानांतरण हो गया है। इस मौके पर यहां पर निवासरत हितग्राहियों और वृद्धजनों ने भावपूर्ण रूप से पुष्प माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया।

### आज डॉ. प्रदीप पाटील देंगे निशुल्क इलाज

केन्द्र के तत्वाधान में गुरुवार से आरंभ होने वाले तीन दिवसीय शिविर के दूसरे दिन नागपुर के प्रसिद्ध मानसिक रोग विशेष डॉ. प्रदीप पाटील क्षेत्रवासियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करेंगे। इस मौके पर डॉ. पाटील द्वारा मनोरोग, सरदर्द, अनिद्रा, उदासी, पागलपन, सम्मोहन, आत्महत्या निवारण, बाल मानस व्यसनमुक्ति, मिर्गी एवं लैंगिक समस्या आदि के विशेष संबंधित मरीजों के साथ परामर्श करेंगे और उनका निशुल्क इलाज किया जाएगा। शुक्रवार की सुबह ग्यारह बजे से शाम पांच बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

### 18 दिन पूर्व 1 घंटे से ज्यादा लाइट जाने से कई मासूमों की जान पर बन आई थी

# करोड़ों रुपए से बने पीआईसीयू में अभी भी नहीं हो पाई जनरेटर से ऑक्सीजन सप्लाई की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग का और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करने कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल का राजगढ़ दौरा हुआ था। लेकिन जिले के अधिकारियों ने 10 मार्च को पीआईसीयू की घटना का सुराग तक मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को नही लगने दिया। राजगढ़ जिला अस्पताल में बने करोड़ों के पीआईसीयू वार्ड में जहां 28 दिन से लेकर 14 वर्ष तक के सीरियस बच्चों को रखा जाताए जिसमे मासूमों का तमाम तरह का ईलाज किया जाता है। ऐसे में अचानक पीआईसीयू वार्ड में बिजली गुल हो जाना बच्चों की जान से खिलवाड़ करने के बराबर था। ऐसी घटना इसके पहले भी हो चुकी है उस समय भी जब बिजली गुल हुई थी तब भी बच्चो को दूसरे वार्ड में शिफ्ट किया था जिससे की बच्चो ईलाज सुचारू रूप से किया जा सके जिसकी शिकायत पीआईसीयू के स्टाफ द्वारा लिखित में भी की जा चुकी है। 10 मार्च को फिर से ऐसी ही घटना का हो जाना बड़ी घटना का अंदेशा तो नही था क्योंकि कई बच्चे उस टाइम पर एडमिट ऐसे थे जो की बिना ऑक्सीजन के नही रह सकते थे। हालांकि जम्बों सिलेंडर और कंसंट्रेटर मशीन की व्यवस्थाएं की हुई थी लेकिन वह भी उस टाइम पर बंद नजर आए जब 2 घंटे अस्पताल की बिजली गुल रही। जिला अस्पताल का पीआईसीयू वार्ड जब बनाया गया था तो उसकी लागत लगभग एक करोड़ बीस लाख की थी और उसमे सभी तरक की जरूरत की चीजे सुचारू रूप से देने की बात को लेकर टेंडर दिया गया था लेकिन करोड़ो रुपए के बिल तो पास हुए लेकिन व्यवस्था के नाम पर पूरी व्यवस्था शुरू नही हो सकी।

**हाल अभी भी जस के तस**




### अस्पताल नहीं पहुंचे थे संबंधित वरिष्ठ अधिकारी

जिले में जब मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से जब मिडिया द्वारा सवाल किए गया था तो वह इस घटना से अनजान दिखे उन्हें इसके बारे में जानकारी ही नहीं थी की पीआईसीयू की बड़ी घटना के बाद भी जिले के वरिष्ठ अधिकारी अस्पताल नहीं पहुंचे। सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ दोनों ही घटना के दिन व दूसरे दिन भी मुख्यालय से बाहर थे हालांकि उस दिन एच्छिक अवकाश जरूर था परंतु दोनों वरिष्ठ अधिकारियों का एक साथ मुख्यालय छोड़ना मरीजों के हित में नहीं माना जा सकता।

**इनका कहना है...**

हमने अभी दूसरे जनरेटर से वैकल्पिक व्यवस्था की है उसके भी कनेक्शन हो गए हैं और जल्दी ही पीआईसीयू का जनरेटर भी ठीक हो जावेगा।

**डॉ नितिन पटेल, सिविल सर्जन जिला अस्पताल राजगढ़**

## लोन वसूली करने गए फायनेंसर कर्मचारी के साथ मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर




फायनेंस पर ली मोटरसाइकिल की बकाया राशि लेने पहुंचे हीरो पिन फोर फायनेंसर कम्पनी के कर्मचारियों पर लोनधारी युवक ने जानलेवा हमला कर जन से मारने की धमकी दी। दादागिरी का मामला सामने आया है। शुभम विश्वकर्मा निवासी सुनेरा हिरो पिन फोर फाइनेंस शाखा शाजापुर मे ऐजेंट के रूप में कार्यरत है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। मामले की शिकायत थाने सारंगपुर में दर्ज की गई। पीड़ित ने सारंगपुर थाने में एफआईआर दर्ज की है। आरोपी के खिलाफ सारंगपुर सहित अन्य थानों में भी प्रकरण दर्ज है।

उल्लेखनीय है कि शाजापुर की हीरो पिन फोर फायनेस कंपनी में काम करने वाले शुभम विश्वकर्मा अमन भंडारी पिता महेंद्र भंडारी व रोशन भंडारी निए सुनेरा जिला शाजापुर विगत दिन पहले बड़ी होली वार्ड क्रमांक 4 के जाहिद पिता समसुद्धीन खां निएसारंगपुर के पास टू व्हीलर गाड़ी की ओवरडियू किस्त की पिछली बकाया राशि 4025 जो बाकी थी। किस्त जमा करने की जाहिद ने बोला की ठीक है यहीं पर रुको थोडी देर बाद मेने कहा भाई साहब कल होली है इतने में जाहिद बोला मैं किस्त नहीं जमा करूंगा जाओ यहां से और गाली देकर जान से मारने की धमकी दी ओर बोला रुको अभी बताता हूं और घर से हॉकी निकालकर अमन व हम पर हमला कर दिया। अमन को सीर में चोट लगने से खून निकलने लगा शुभम व रोशन दोनों अमन को बचाने लगे तो हम दोनों के साथ भी हॉकी व ईंट से मारपीट किया। लोगों ने बीच बचाव किया तब जाहिद बोला कि दोबरा किस्त लेने आये तो जान से खत्म कर दूंगा। अमन को सीर में गंभीर चोट आने के कारण सिविल अस्पताल सारंगपुर में इलाज के दौरान शाजापुर रेफर कर दिया गया है। इस मामले में अब हितग्राही व फाइनेंस कंपनी के बीच आमने.सामने की स्थिति बन गई है। सारंगपुर थाने में प्रकरण दर्ज कर लिया है। अभी तक आरोपी जाहिद पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## प्रोग्रेसिव किड्ज के बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित, पुरस्कृत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नगर में स्थित प्रोग्रेसिव किड्ज में बच्चों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में बच्चों ने अपने पहले कदमों की उपलब्धि का गर्व अनुभव करते हुए एक अद्भुत उत्सव मनाया। प्रोग्रेसिव हाइट्स के छगनलाल अग्रवाल सभाग्रह में सम्पन्न कार्यक्रम में बच्चों ने अपने छोटे.छोटे कदमों के साथ अपने शेक्षणिक जीवन के पहले महत्वपूर्ण पड़ाव को पूर्ण कर अपने सपनो को एक नई उड़ान दी, जो उन्हें जीवन के सभी मोड़ों में सफलता की ओर अग्रसर करेगी। यह समारोह उनके शिक्षकों व अभिभावकों की मेहनत और समर्पण का जश्न भी था। बच्चों ने इस अवसर पर अपने कलात्मकए बौद्धिकए और सामाजिक योग्यताओं का प्रदर्शन कियाए जिससे उन्हें स्वाभिमान और संवेदनशीलता मिलती है। इस खास क्षण पर सभी अभिभावकों का गर्व और हर्ष भी अद्वितीय था। समारोह के दौरानए बच्चों ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लियाए जिसमें गीतए नृत्य व अन्य प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन पर उन्हें समर्थन और प्रोत्साहन मिला। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चो व उनके पालको को भी पुरुस्कृत किया गया।

इस अद्वितीय पल मेंए श्प्रोग्रेसिव किड्जश की टीम ने बच्चों के सपनों की उड़ान को और भी मजबूत बनाया। इस समारोह के अवसर पर प्रोग्रेसिव किड्ज के समस्त टीम ने बच्चों को उनके उत्तम काम के लिए प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## सैनिक कल्याण हेतु कलेक्टर को सौंपा 1 लाख 51 हजार का चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

लीड महाविद्यालय राजगढ़ से हिंदी विषय से सेवानिवृत्त हिन्दी विषय की सहायक प्राध्यापिका वासंती मोघे ने अपनी स्वयं की संचित राशि से सैनिक कल्याण के लिए एक लाख 51 हजार रूपये की राशि दान की है। बुधवार को उन्होंने उक्त राशि का चेक कलेक्टर हर्ष दीक्षित को सौंपा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रत्नेश श्रीवास्तव भी मौजूद थे। डॉ मौघे द्वारा उक्त राशि सैनिक कल्याण कार्यालय के माध्यम से सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि वे भारत की आजादी के शहीद भगत सिंहए सुखदेव एवं राजगुरू के बलिदान से काफी प्रभावित है। इसलिए दान राशि के चेक पर उनके बलिदान दिवस की दिनांक 23 मार्च अंकित की है। कलेक्टर श्री दीक्षित ने सुश्री मोघे के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सुश्री मोघे का यह कार्य अनुकरणीय है। वहीं जिला सैनिक कल्याण अधिकारीए उज्जैन एचणएसण यादव ने भी मोघे के इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है की मोघे पूर्व में भी इसी तरह अपनी स्वयं की निधि से सामाजिक कार्यों हेतु राशियां दान कर चुकी हैं।




## किसान की महीनों की मेहनत बिजली के शार्ट सर्किट से जलकर हुई खाक



हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

ग्राम बोर का पानी में एक गरीब किसान के खेत में 5 बीघा के गेहूं बड़ी मेहनत मशक्कत से तैयार कर खड़ी फसल जो कुछ ही दिन में कटाई कर खले में रखने को तैयार थी। परंतु वह कहावत तो सुनी ही होगी किसान जब तक खेत से फसल तैयार कर घर नहीं ले आता तब तक किसान की नींद और चैन सब कुछ खेत पर ही रहता है इसीलिए तो किसान को अन्नदाता भी कहते हैं जो खेतों से अन्न पैदा अपनी मेहनत से करते हैं खिलचीपुर तहसील के ग्राम बोर का पानी के अन्नदाता किसान फतेह सिंह पिता भेरु सिंह जाति सोंधिया के खेत मे अचानक बिजली के तारों से आग की चिंगारियो ने अपने आगोश में पूरी फसल को ले लिया जलाकर खाक कर दिया।

इस किसान की दहिनीय हालत अत्यंत नाजुक होने के कारण पूरे परिवार का पालन पोषण करने में एकमात्र खेत से जो भी उपजाऊ फसल निकलती है उससे अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करता है कहते हैं ना जो राम राखी रखा 26 मार्च का दिन इस किसान के लिए कालिख बनकर आया था जो पूरी की पूरी फसल को काले धुएं में उड़ा ले गया अब इस किसान की कौन सुनने वाला अब देखना है क्या शासन प्रशासन के द्वारा इनको कोई सहयोग मिलेगा, जिससे किसान के पूरे परिवार का आगे की स्थिति में भरण पोषण की व्यवस्था हो सकेँ।

## मुकीम बने कांग्रेस महामंत्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की अनुसंशा पर मुकीम खॉ संडावता को जिला कांग्रेस महामंत्री बनाया है। लोकसभा चुनाव के समय महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त महामंत्री को बधाई देते हुए पार्टी के हित में अपनी भूमिका निभाते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने की आशा जताई है।

## ट्रैक्टरों से ओवरलोड भूसा भरकर किया जा रहा दूसरे जिलों में निर्यात



**लखनवास।** जिले में कम बारिश के चलते एवं भूसा का कम उत्पादन होने को लेकर राजगढ़ कलेक्टर ने पशुओं के भोजन को ध्यान में रखते हुए जिले से भूसा के निर्यात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा रखा है। लेकिन इसके बावजूद ट्रैक्टर.ट्रॉलिओं में ओवरलोड कर भूसे का निर्यात जारी है। जिसका ताजा उदाहरण लखनवास क्षेत्र में देखने मिला है। जिले के अन्य हिस्सों में भी इसी तरह का आलम है। रविवार को लखनवास क्षेत्र में लगातार कई ट्रैक्टर ट्रॉली पुलीस चौकी के सामने से दिनभर निकलते देखे गए। जो ओवरलोड करके भूसा भरकर भोपाल जिले की ओर ले जाए गए। लेकिन इन्हें ओवरलोड होने के बाद भी देखने वाला कोई नहीं है।

### मनमाने रेट वसूल कर रहे एजेंसी कर्मचारी, नहीं मिल रही सुविधाएं

## इंडेन एजेंसी डीलर की मनमानी से उपभोक्ता परेशान !

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास

सुठालिया तहसील के ग्राम लखनवास में स्थित लखनवास ईण्डेन ग्रामीण गैस एजेंसी पर ग्राहकों को एमआरपी रेट से ज्यादा कीमत में ग्राहकों को दी जा रहा सिलेंडर। जहां कंपनी द्वारा 817 की कीमत में दिए जाने वाला गैस सिलेंडर ग्रामीणों को 920 रुपए तक दिया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने यहां भी आरोप लगाया कि कहीं कहीं सिलेंडर तो 200 ग्राम से 500 ग्राम तक कम भी निकालते हैं। होम डिलीवरी वाली गाड़ियों में वही अवकाश के दिन पेट्रोल पंप पर गाड़ी खड़ी कर सिलेंडर सप्लाई किए जाते हैं। किंतु नियम तो यहां है कि एजेंसी पर ही वितरण करें न जाने कब ऐसी लापरवाही में किसी भी वक्त हो सकता है बड़ा हादसा इधर देखा जाए तो जाने क्यों एजेंसी वाले बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में ग्राहकों को लूटने का काम कर किया जा रहा। इधर गैस एजेंसी संचालक से बात हुई तो फोन पर उन्होंने कहा कि आज हमारी एजेंसी बंद थी। साथी एमआरपी रेट के संबंध में बात हुई तो उन्होंने कहा कि मुझे इस बारे में मालूम नहीं है मैं सुबह मालूम करता हूं। अब देखना यहां होगा कि प्रशासन द्वारा ऐसे गैस एजेंसी संचालकों पर क्या कार्रवाई करता है।




## अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**गुना।** अलग-अलग घटनाओं में तीन लोगों की मौत की सूचना है। तीनों के शवों का पीएम जिला अस्पताल में आज कराया गया। जानकारी के अनुसार बीते दिन रुठियाई के पास एक बाइक सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिर गए, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। युवक का नाम गोलू उर्फ शिव सिंह गुर्जर निवासी नारोनी रुठियाई बताया गया है, जबकि उसका एक अन्य साथी घायल हो गया। दुर्घटना के तत्काल बाद दोनों को 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया, जिसमें से गोलू की मौत हो गई, जिसके शव का पीएम आज जिला अस्पताल में कराया गया और परिजनों को सौंप दिया गया। दूसरा मामलाः म्याना थानाक्षेत्र के तहत का है, जिसमें महोदरा गांव की एक 17 वर्ष की युवती को बीती रात खाना पकाते समय करंट लगगया, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती का नाम शिवानी पुत्री बृजनारायण पाल है, उनके पिता ने बताया कि वह म्याना स्थित घर पर थे। युवती का भाई और मामा महोदरा गांव में युवती के साथ थे। युवती हीटर पर खाना पका रही थी, इसी समय तार टूटकर उस पर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। युवती के शव का आज पीएम जिला अस्पताल में हुआ। तीसरा मामला : राघौगढ़ क्षेत्र का है, जहां एक युवती ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ गटक लिया। युवक का नाम मनोज पुत्र शिवलाल अहिरवार उम्र करीब 30 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला वार्ड 1 राघौगढ़ हैं। उनके पिता ने बताया कि उनकी बहू सिलाई का काम करती है, वह बाजार गई थी, इसी दौरान उनके बेटे ने अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ गटक लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## नगर में होली पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

नगर में होली धुलेंडी पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। अलसुबह होलीका दहन पश्चात घर घर में पूजा अर्चना की गई। वही प्रातः आठ बजे से ही होली की हुडदंग शुरू हो गई। नागरिको द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकॉमनाऐं दी। खासकर बच्चो और युवाओं में होली का खासा उत्साह देखा गया। खासकर छत्री चौराहे, संजयनगर, चंपी चौराहे, दीनाजी चौराहे, सूरजपोल, बलवटपुरा, बाराद्वारी, थावरिया, बड़ा बाजार आदि स्थानो पर सामुहिक रूप से होली खेलकर लोगो ने पर्व का जमकर आंनद उठायाए सुबह से लेकर देर शाम तक डोलचा मार होली चलती रही। नगर के विभिन्न चैराहो पर नगरपालिका द्वारा पानी के टेंकर खड़े किए गए थे जहां जमकर रंग.गुलाल उड़ाया गया। दिनभर रंग एवं गुलाल से सारोबर रहने के उपंरात दोपहर बाद लोगो ने नगर के धार्मिक स्थलो पर पार्टियां मनाकर खूब भांग झांनी। दिनभर होली का उत्साह छाया रहा।




### कॉलेज परिसर में सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी मिले बंद, अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज

# महात्मा गांधी की प्रतिमा हुई क्षतिग्रस्त, शासकीय महाविद्यालय का मामला, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶खिलचीपुर

खिलचीपुर के शासकीय महाविद्यालय परिसर में लगी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा होली पर्व के चलते छुट्टियों के दिनों में असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दी गई। मंगलवार को सुबह 10:30 बजे जब कॉलेज में शिक्षक गण ड्यूटी पर आए ओर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर नजर पड़ी तो पाया कि राष्ट्रपिता की संगमरमर की बनी हुई मूर्ति क्षतिग्रस्त है। महाविद्यालय प्राचार्य ने तत्काल पुलिस को सूचना दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं अज्ञात लोगों पर सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा.3 एभा द स 1860 की धारा 427 के तहत प्रकरण दर्ज किया।



### शासकीय महाविद्यालय लापरवाहियों के मामले में सदा रहता सुर्खियों में

खिलचीपुर का शासकीय महाविद्यालय अधिकतर लापरवाहियों को लेकर सुर्खियों में बना रहा हैए कभी छात्र.छात्राएं असुविधाओं को लेकर कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करते हैंएतो कभी स्टाफ में आपस में खींचतान को लेकर एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हैं तो कभी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आते हैं अर्थात आपस में स्टाफ में समन्वय नहीं बनने से कोई न कोई मामला शासकीय महाविद्यालय में चलता ही रहता है।

### लापरवाही, कॉलेज परिसर में सुरक्षा को लेकर लगे कैमरे मिले बंद

शासकीय महाविद्यालय प्रबंधन के परिसर में लगे कैमरे बन्द पाये जाना घोर लापरवाही है वही सुरक्षा हेतु रखे गए चैकीदारों का और सुरक्षा ड्यूटी समय में समय .समय पर गायब रहना कहीं न कहीं गम्भीर विषय है। सीसीटीवी कैमरा बन्द होने से पुलिस को छानबीन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**इनका कहना है...**

होली पर्व की छुट्टी के बाद जैसे ही ड्यूटी पर कॉलेज में आना हुआ तो लिपिक कर्मचारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति क्षतिग्रस्त हुई दिख रही है। मैंने पुलिस को सूचना दी ओर एफआईआर करवा दी गई है।

**दिनेश सूर्यवंशी, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर।**

अज्ञात लोगों पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। हालांकि फिंगर एक्सपर्ट, वैज्ञानिक रिसर्च ओर डॉग स्क्वाड टीम ने जांच में बताया कि ऐसा कोई साक्ष्य नजर नहीं आया है कि यह किसी द्वारा क्षतिग्रस्त की गई है, फिर भी मामले को गंभीरता से लेकर जांच की जावेगी।

**रघुवीर सिंह धाकड़, टीआई पुलिस थाना खिलचीपुर।**

**खबर संक्षेप**

### सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय सचिव बने अभिषेक



आष्टा। अखिल भारतीय जैन सोश्यल ग्रुप फेडरेशन की नवीन कार्यकारिणी में अभिषेक सुराणा को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया है। जैन सोश्यल आष्टा की गतिविधियों में सक्रिय रहकर ग्रुप को नए आयाम पर स्थापित करने एव अपनी कार्यकुशलता से फेडरेशन नेतृत्व को प्रभावित करने के चलते सुराणा को यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। अपनी नियुक्ति पर सुराणा के द्वारा नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जिनेश्वर जी जैन, पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र जी संचेती, प्रकाश जी भटेवरा, संजय नाहर, पीयूष जैन का आभार व्यक्त किया। अभिषेक सुराणा को सचिव बनाये जाने पर श्री संघ अध्यक्ष पवन सुराणा, लोकेंद्र बनवट, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार, पारसमल सिंघवी, विजय देशलहरा, राजा पारख, सुशील संचेती, त्रिलोक वोहरा सोश्यल ग्रुप अध्यक्ष यश श्री श्री माल, कुलदीप कोचर, मनीष चोरडिया, पुष्पेंद्र मालू, आलोक वोहरा, दीपेश सिंगी, राहल चतर मुथा, पंकज नाकोड़ा, विनीत सिंगी, अभय देशलहरा, विपिन बनवट, नगीन डुंगरवाल, राहुल सुराणा, नीलेश सुराणा, प्रदीप प्रगति, सुरेंद्र परमार, मृगांक गुप्ता, मोहित कासलीवाल, नरेंद्र कुशवाह, अनिल धनगर, वीरेंद्र परमार आदिं ने बधाई दी है।

### दादी जानकी को अर्पित की पुष्पांजलि


**आष्टा।** आष्टा केंद्र शांति सरोवर में त्यागी तपस्विनी, वात्सल्य की धनी, अनेकता में एकता लाने वाली आदरणीय राजयोगिनी दादी जानकी जी के पुण्य स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुचे विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, एडवोकेट राजमल धारवा, पत्रकार सुशील संचेती, राजीव गुप्ता अपने पुरे परिवार के साथ आष्टा शांति सरोवर पहुचे। यहा की प्रभारी ब्रह्मा कुमारी कुसुम दीदी, नीलिमा दीदी व अन्य ब्राह्मकुमारी परिवार के सभी लोग सम्मिलित रहे। सभी ने दादी जी कों भावपूर्ण श्रद्धांजलि देते हुए पुष्पांजली अर्पित की। कार्यक्रम के पश्चात ब्रह्मा भोजन किया।

### गुंडों-बदमाशों के हौसले बुलंद, जमीन पर कब्जा कर दे रहे जान से मारने की धमकी

# पीड़ितों ने पुलिस से लगाई मदद की गुहार महेंद्र के खिलाफ आए शिकायती आवेदन

#### घनश्याम पुरा निवासी ग्रामीण ने जमीन पर कब्जे का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



सरकार बदले या न बदले गुंडे-बदमाशों का चाल चरित्र कभी भी नहीं बदलते है। वो तो ताल ठोंककर किसी के भी साथ मारपीट करते है, अपने बुलंद हौसलों से सीधे साधे लोगों की जमीन पर कब्जा,या मकान खाली कराने और सटोरियों के रुपयों की अवैध वसुली को अंजाम दे रहे है। और बड़े-बड़े नेता इन बदमाशों को मार्केटिंग का काम सौंप रहे है। सड़क से लगी कोई सी भी जमीन या मकान दिखा तो वो उसे हर हाल में कब्जा करके ही रहते है।

हालात ऐसे है की गुंडे-बदमाशो को अब पुलिस के जुलूस और थाने में होने वाले रिमांड का भी खौफ नहीं रहा है। और अब तो अधिकतर गुंडे-बदमाश पुलिस के साथ चाय पीते हुए भी दिख जायेगे!इसलिए इन गुंडों - बदमाशों पुलिस का खोफ भी दिखाई नही देता है यही कारण है की थानों में इन गुंडों बदमाशों को आसानी से देखा जा सकता है और शायद यही कारण है की सभ्य समाज के लोग ऐसे गुंडे बदमाशों के खिलाफ़ पुलिस थानों में शिकायत करने नही पहुंच पाते है!छूट भैया बदमाश के खिलाफ़ 24 घंटे में दूसरी शिकायत पहुंची थानेबीते दिवस आईपीएल की ख़बर चलाने पर पत्रकारों को धमकी देने वाले बदमाश महेंद्र जाट की दबंगई का एक और मामला सामने आया हैताजा मामले में महेंद्र जाट पर अवैध रूप से जमीन पर कब्जा कर जान से मारने की धमकी के गंभीर आरोप का लगे है। आपकों बता दे की बीते दिवस आष्टा पुलिस ने आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाते हुए 2 आरोपियों को पकड़ कर इनके पास से 2 लैपटॉप और 10 मोबाईल फोन जब्त किए थे! लिहाजा पुलिस की इस बड़ी कामयाबी का खबर संकलन के थाने पहुंचे पत्रकारों को महेन्द्र जाट ने खबर छापने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। जिसके बाद स्थानीय सभी पत्रकारों ने एकजुट होकर महेन्द्र जाट के खिलाफ़ कार्यवाही के लिए शिकायती आवेदन दिया था।

वहीं अब 24 घंटे के भीतर महेन्द्र जाट की दबंगई और गुंडागर्दी का एक और मामला सामने आया है प्राप्त जानकारी अनुसार घनश्याम पुरा निवासी कृष्णा मेवाडा ने आष्टा थाने में महेंद्र जाट पिता बाबूलाल जाट निवासी हरसपुर तहसील इछावर के खिलाफ़ शिकायती आवेदन देते हुए बताया की घनश्यामपुरा में कृषि भूमि है जिसका खसरा नंबर 40,45,46/2 और 13/1 और 17 भूमि है जीस पर महेंद्र जाट ने अवैध कालोनी काटने के बाद मेरी भूमि पर सीसी रोड बनाकर कब्जा कर लिया है और मना करने पर बंदूक का डर दिखाकर मारपीट करता है और 10 लाख रुपए की मांग कर परिवार को जान से मारने की धमकी देता है वही देव स्थान के ओटले को भी जेसीबी मशीन से तोड़ने के आरोप फरियादी ने आवेदन में लगाए है वहीं पीड़ित ने अब महेंद्र जाट की गुंडई और दबंगई से परेशान होकर पुलिस की शरण ली है और कार्यवाही की मांग की है ! गौरतलब है की महेंद्र जाट शहर के जुआरी सटोरियों के इशारों पर लोगों को डराता धमकाता है तो भोलेभाले लोगो की जमीन अपनी दबंगई से कब्जा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है जिससे कई लोग परेशान है और यही कारण है की पत्रकारों के सामने आने के बाद अब धीरे धीरे महेंद्र जाट के जुल्म के शिकार अन्य लोग भी सामने आकार पुलिस में शिकायत कर रहे है! अब देखना यह है की महेंद्र जाट के खिलाफ़ पुलिस थाने में 24 घंटो में आए आवेदनों पर क्या कार्यवाही करती है और कैसे महेंद्र जाट पर लगाम लगाती है।

# आष्टा में पांच दिवसीय रंग उत्सव जारीः आज आएंगे पंडित प्रदीप मिश्रा

#### आकर्षण का केंद्र रहेंगी झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



आष्टा में पांच दिवसीय रंगों का उत्सव मनाया जा रहा है। शुक्रवार को प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शुक्रवार होली उत्सव में शामिल होंगे। बता दें कि 6 दिवसीय होली महोत्सव को भव्य बनाने के लिए शुक्रवार को राष्ट्रीय संत कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा अपने एक दिवसीय महादेव की होली मनाने के लिए आष्टा पहुंच रहे हैं। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि लगातार 3 सालों से राष्ट्रीय संत पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद आष्टा नगर को मिल रहा है। इस वर्ष भी शुक्रवार को वह आष्टा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी भक्तों के साथ भव्य महादेव की होली खेलेंगे।

**2000 बोरियों से उड़ाया जाएगा गुलाल**

समिति के अध्यक्ष कालू भट्ट ने बताया कि एक दिवसीय महादेव होली आयोजन के लिए तैयारी की जा रही है। इसमें दिल्ली की अघोरी टीम, उज्जैन के भस्म रमैया डमरू टीम, अजनस के ढोल, भूतों की टोली आकर्षण का केन्द्र रहेगी। वहीं इन्दौर से आ रही गुलाल मशीन से 2000 से अधिक बोरियों से कलर उड़ाया जाएगा।

**आकर्षण का केंद्र रहेंगी झांकियां**

पूरे जुलूस मार्ग पर जल और प्रसाद की व्यवस्था रखी गई है। वहीं चलित आर्केस्ट्रा और विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। आसपास के ग्रामीण क्षेत्र जैसे भंवरा, कोठरी, खामखेड़ा, सिद्धि गंज, खाचरोद, जावर से बड़ी संख्या में शिव भक्त आष्टा पहुंचेंगे। जुलूस सुभाष चौक, गंज गेट, सिकंदर बाजार, बड़ा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, पुराना बस स्टैंड अस्पताल चौराहा खत्री मार्केट बुधवार श्री राम मंदिर, खंडेलवाल चौराहा, बाबा रामदेव मंदिर, भाव बाबा मंदिर से होता हुआ कॉलोनी चौराहे पर समाप्त होगा। इस दौरान लगभग 20 क्विंटल गुलाब के फूल पूरे सड़कों पर बिछाई जाएंगे।

# 39 डिग्री पहुंचा तापमान कूलर-पंखों की बिक्री बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



आष्टा और आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को अचानक तापमान बदल गया। नगर में गर्मी के तेवर तीखे हो गए और आज का अधिकतम तापमान 39 डिग्री दर्ज किया गया।गर्मी के तेवर तीखे होते ही पंखे, कूलर, एसी की डिमांड भी बढ़ गई है। दो दिन की गर्मी के बाद से नगर की दुकानों पर भीड़ नजर आ रही है। वहीं ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर भी बिक्री बढ़ गई है।मार्च के अंतिम दिनों में गर्मी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। लोग मुंह पर कपड़ा बांध कर बाहर निकल रहे है।

### रंगपंचमी व ईद-उल-फितर मिल जुलकर मनाएंः जाकिर पटेल

**आष्टा।** मप्र जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष जाकिर पटेल द्वारा रोजा अफ्तार एवं तत्पश्चात एक मींटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे ईदगाह कमेटी के समस्त सभी सदस्य एवं अध्यक्ष सम्मिलित हुए । जिलाध्यक्ष जाकिर पटेल ने सभी का स्वागत किया। और राय मशवरा करते हुए ईद और होली शांति और सद्भावनापूर्वक मनाने की अपील की। श्री पटेल ने कहा कि हमार देश भाईचारा और मोहब्बतो का देश है। इस समय रमजान और ईद और होली का महीना साथ मे चल रहा है समाज के लोग रमजान मे इबादत और रोजा रखकर एहतमाम करे। साथ में होली का पावनपर्व है वही आने वाले दिनो मे भी ईद भी है। एक दूसरे के सहयोग से एवं मिलजुलकर मनाए। ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाफिज बब्बन ने कहा कि ईदगाह एवं अन्य मस्जिदो में समय की पांबदी के साथ नमाज अता की जाएगी। चांद दिखने पर 11 अप्रैल को ईद होगी इस अवसर पर उपाध्यक्ष सलीम ठेकेदार सचिव शाहरूख कुरैशी आरिज अली ,तथा वक्फ कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा फारूक बैग इरशाद अली सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वन अमले ने जब्त की अवैध लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



सोमवार दोपहर रेंजर राजेश चौहान को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अवैध सतकट लकड़ी से भरा एक ट्रक मालीखेड़ी रोड़ से आष्टा की ओर आ रहा है। जिसके पश्चात रेंजर श्री चौहान द्वारा डिप्टी रेंजर शैलेश कुमार सिंह व उनकी टीम को तत्काल उक्त ट्रक के सम्बंध में सूचित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। जिसके बाद ग्राम मालीखेड़ी रोड़ पर वन विभाग की टीम द्वारा उक्त ट्रक का इंतजार किया और मुखबिर के बताये अनुसार ट्रक मालीखेड़ी रोड़ से आता दिखाई दिया। जिसको रोककर वाहन की तिरपाल हटाई गयी तो सतकट लकड़ी से भरा पाया गया।

जिसके सम्बंध में ट्रक ड्राईवर से वैध दस्तावेज़ चाहे गये परंतु उसके पास उक्त लकड़ी परिवहन हेतु कोई वैध दस्तावेज़ नहीं मिले। जिसके बाद उक्त लकड़ी से भरे ट्रक को जप्त किया गया। रेंजर राजेश चौहान द्वारा बताया गया कि वन विभाग द्वारा एक अशोक लेलेंड ट्रक से सतकट चिरान लकड़ी 327 नग 9.725 घ.मी. जप्त की गयी है। उक्त लकड़ी के परिवहन हेतु ड्रायवर सलमान आ लल्लू खॉं निवासी जुम्मापुरा आष्टा के पास किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज़ नहीं पाये गये, जिसके बाद आरोपी के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 24654/13 25.03.2024 पंजीबद्ध किया गया। वन विभाग को मिली इस सफलता में डिप्टी रेंजर शैलेश कुमार सिंह, वनरक्षक राहुल सिंह परमार, फेसल बर्नी, नितेश पाटीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मेहर ने प्राप्त किया पहला स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



उत्कृष्ट विद्यालय आष्टा में प्राचार्य रहे स्वर्गीय अजहरुद्दीन की पुत्री मेहर अजहर ने मध्य प्रदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर में एमबीबीएस 2024 फाइनल ईयर में मध्य प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया।

उनकी इस उपलब्धि ने आष्टा शहर को गौरांवित किया है। मध्य प्रदेश एमबीबीएस 2024 फाइनल ईयर की परीक्षा में 1103 अंक प्राप्त कर फर्स्ट रैंक प्राप्त की है। आष्टा शहर के लिए यह पहला अवसर है जब किसी विद्यार्थी ने एमबीबीएस फाइनल ईयर में यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मेहर अजहर शुरू से ही मेघावो छात्रा रही है। इन्होंने संपूर्ण एमबीबीएस की शिक्षा राजमाता विजय राधे सिंधिया मेडिकल कॉलेज शिवपुरी से प्राप्त की है। मैहर अजहर कांग्रेस नेता शेख नईमुद्दीन व तहसील में पदस्थ कमरुद्दीन व सन्ना भाई की भतीजी है। उनकी इस उपलब्ध पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री कैलाश परमार, कमल सिंह चौहान वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैया मियां, पूर्व जनपद अध्यक्ष बल बहादुर सिंह ठाकुर, पूर्व पार्षद सुनील शेट्टी, डॉक्टर मीना सिंघी, विनीत सिघी, दशरथ सिंह ठाकुर, डॉक्टर हेमंत वर्म,ा एचआर परमांल, बाबूलाल मालवीय, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष इदरीश मंसूरी, राशिद भाई, नेताजी डॉक्टर ओपी वर्मा, शांतिलाल मंडलोई, ठाकुर प्रसाद वर्मा, अनार सिंह मेवाडा, प्रहलाद सिंह खड़ी, भैया एमपी सोहेल, मिर्जा दशरथ सिंह, जाहिद खान, पार्षद इमरान खान, चंद्र सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंह टीपा खेड़ी, जहूर मंसूरी, गोरे मियां, सोभाल सिंह मुगली सलीम अंसारी, पूर्व पार्षद कलीमुद्दीन, प्यारे पटेल डॉ एजाज खान, तौसीफुद्दीन, रामचरण देवरिया, जगदीश द्रविड, द्रविड़, कृपाल मालवी, राजकुमार मालवीय, शेख रईस, अतीक कुरेशी, घनश्याम जांगड़ा, महमूद अंसारी, शम्मी उद्दीन आदि लोगों ने बधाई दी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया होली उत्सव छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को लगाया रंग-गुलाल



**जावर।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या/मंदिर कुरावर में होली उत्सव मनाया गया। जिसमें आचार्य परिवार द्वारा सभी भैया बहनों को गुलाल लगाया गया। और सभी भैया बहनों ने आचार्य, प्रधानाचार्य सभी को गुलाल लगाकर होली का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। भैया बहनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाया। होली उत्सव अनेकता में एकता का त्यौहार है, सभी भैया बहनों ने गुलाल से होली खेली और लोगों को संदेश दिया की केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

# जावर पुलिस ने कार्रवाई कर फरार वारंटियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



गुरूवार को एसपी के निर्देशानुसार चुनाव आचार संहिता के पालन में कई वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी चंदर सिंह पिता कोकसिंह मोगिया निवासी मोगियापुरा जावर, स्थाई वारांटो में 6 साल से फरार रामरतन पिता गणपत मालवीय निवासी मुरावर थाना जावर के 2 स्थाई वारांटो में 7 साल से फरार बाबूलाल पिता धनसिंह निवासी उमरपुरा थाना आष्टा, थाना जावर के 2 स्थाई वारांटो में 6 साल से फरार कुमेर सिंह पिता पुरणसिंह मोंगिया के 2 स्थाईवारंट को तलाश किया। जो कि घर वालो ने मृत होना बताया जिसका मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त किया। बाकी स्थाई वारंटीयो को थाना जावर पुलिस द्वारा मुखबिर लगा कर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया है। जिन्हे न्यायालय पेश किया जा रहा है। उक्त कुल 7 स्थाई वारंटीयो की तामिली में निरीक्षक थाना प्रभारी जावर आरएन मालवीय, उपनिरीक्षक राजू मकोड़, उपनिरीक्षक अनिल डोडियार, प्र आर अर्जुन, आर ज्ञानसिंह, आर पवन, आर मनोज, सै जगदीश, सै राहुल का सराहनीय योगदान रहा।

### विवाह सम्मेलन को लेकर पाटीदार समाज ने ध्वज लगाकर किया पूजन

# 26 अप्रैल को झरखेड़ा में होगा समाजिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्यामपुर



ग्राम झरखेड़ा में 26 अप्रैल के विवाह सम्मेलन को लेकर ध्वज लगाकर पूजन किया गया। और खोडलधाम समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें मां जगत जननी के मंदिर निर्माण हेतु विस्तृत चर्चा की गई बैठक की अध्यक्षता वल्लभभाई पटेल मोटर्स इंदौर द्वारा की गई। जिसमें लगभग सभी ग्रामों के वरिष्ठ समाज सेवक उपस्थित हुए। इस मौके पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी 28 गांव में समिति का गठन किया जाएगा। सभी ग्राम में समिति गठन करने के लिए ग्राम प्रभारी की नियुक्ति की गई। गणेशपुर में दिनेश पाटीदार, खरगोन कला प्रेम पटेल, नंदकिशोर पूर्व सरपंच, राहुल पाटीदार, बोगी हरि मोहन नगीना, खोकरा कला- रामेश्वर बारोड, नंदकिशोर, नटवर, रिचड़ी-श्री घनश्याम पाटीदार, छापरी- चंद्रशेखर बारोड, रामडी- अंबाराम पटेल, जोगनी शंकर पाटीदार, बिशन खेड़ी- लक्ष्मीनारायण पाटीदार, बराल खेड़ी मनोहर पाटीदार, ऊगली- बृजलाल पटेल, सेमलिया- महेश पाटीदार सरपंच, बेहरावल- गोपाल पाटीदार पटेल वल्लभ, महावीर पाटीदार सरपंच, संजय गामी, कालापीपल पवन पाटीदार, कीलोदा रामेश्वर पटेल, सुजालपुर मांगीलाल पाटीदार शिक्षक, बापचा श्यामपुर लक्ष्मी नारायण पाटीदार, परमानंद पाटीदार, विष्णु प्रसाद बेलावत, कैलाश पाटिल, मुगलिया हॉट धन्ना लाल सरपंच, महेश सरपंच, संतोष परवलिया, बसंत पाटीदार, बदामी पाटीदार, मुकेश पाटीदार, गुड्डा तोरणिया भगवान, रोला राम नारायण पाटीदार पूर्व सरपंच. शेखपुरा रामचरण पाटीदार, सीहोर गंगा प्रसाद पाटीदार, भोपाल डॉक्टर रमेश बेलावत, मुगलिया छाप अनिल पाटीदार, दीपडी नरेश पाटीदा, बगली, नंदलाल सरपंच, जाट खेड़ी सुरेश पटेल, बाबरिया कला गजराज पाटीदार, मिसरोद जीत पाल पाटीदार, नर्मदा प्रसाद, राम सलैया लखन लाल पाटीदार कमलेश पाटीदार, जगमोहन पाटीदार, झरखेड़ा हरि नारायण पाटीदार, कैलाश चंद पटेल, चंद्रशेखर पटेल आदि को नियुक्त किया गया। नियुक्त कर कहा कि आशा और विश्वास है कि आप एक सप्ताह के अंदर अपने-अपने ग्राम में समिति का गठन कर समाज को अवगत अवश्य करेंगे। सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की समय देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# माता मंदिर में आज मनाएंगे फाग उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जावर



जावर नगर के प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी माता मंदिर में प्रति शुक्रवार को भव्य महाआरती का अयोजन किया जाता है।

वहीं प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी होली पर्व पर मां महिषासुर मर्दिनी माता का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। महाआरती की जाएगी। होली पर्व पर फाग उत्सव मनाया जाएगा।

जिसमें फूलों व गुलाल की होली मंदिर परिसर में खेली जाएगी। इसके बाद महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। मां महिषासुर मर्दिनी शक्ति संगठन के सदस्यों ने नगर व क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में महाआरती व फाग उत्सव में पहुंचने की अपील की है।

# भाई दूज पर बहनों ने किया तिलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्यामपुर



होली दूज का त्यौहार हर्ष उल्लास का साथ मनाया गया। बहनों में भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उपहार भेंट कर मंगल कामना की। स्नान ध्यान करने के बाद घरो में सुंदर चौक तैयार किये गए। इसके बाद बहनों ने भाइयो को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। इसके बदले भाइयो ने बहनों के लिए मंगल कामना करते हुए उपहार भेंट किये। जिन भाइयों कि बहनै सुसराल में थी तो भाई उनके पास पहुंचे तो वही उनका मंगल तिलक किया। उनकी लंबी आयु की कामना की।